बुशफायर के लिए तैयारी करें
अपने पालतू पशुओं और जानवरों को तैयार करें

पालतू पशुओं और जानवरों के लिए योजना बनानी आपके घर-परिवार की बुशफायर तैयारियों का एक महत्वपूर्ण भाग है। आपके पालतू पशुओं और जानवरों की सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी है। तैयार रहना आपके और आपके पशुओं के बचने के लिए अत्यावश्यक है।

[✓] आपातकालीन स्थिति में बचाव के लिए वस्तुएँ

- [ ] **भोजन**: कम से कम तीन दिनों के लिए खराब न होने वाला भोजन (डिब्बाबंद या शुष्क), जो हवाबंद, जलरोधक डिब्बे में हो
- [ ] **पानी**: कम से कम तीन दिनों के लिए पानी
- [ ] **दवाईयाँ**: जलरोधक डिब्बे में संभाल कर रखें, साथ ही कोई विशेष आहार से जुड़ी ज़रूरतें या सप्लीमेंट्स
- [ ] **पशु चिकित्सा/चिकित्सा संबंधी रिकॉर्ड्स**: किन्हीं मेडिकल और टीकाकरण रिकॉर्ड्स की प्रतियाँ जलरोधक डिब्बे में रखें, इनमें आपके पालतू पशु के डॉक्टर का नाम और टेलीफोन नम्बर शामिल है
- [ ] **फर्स्ट एडकिट**: अपने लिए आवश्यक मात्रा के अलावा अतिरिक्त रूई के बैंडेज रोल, बैंडेज टेप, कैंचियाँ, चिमटियाँ और लेटेक्स दस्ताने
- [ ] **कंबल/चादरें**: परिचित वस्तुएँ जैसे कि पसंदीदा कंबल या खिलौने रखने से तनाव कम करने में मदद मिल सकती है
- [ ] **साफ-सफाई**: उपयोगी वस्तुओं में समाचार-पत्र, पेपर टॉवल, प्लास्टिक बैग, दस्ताने और सफाई के लिए घरेलू ब्लीच (जलमिश्रित करने के लिए) शामिल है

[✓] पहचान

- [ ] **कॉलर या टैग**: सुनिश्चित करें कि आपके पशु का नाम, आपका नाम, फोन नम्बर और, यदि जगह हो तो, आपका पता साफ-साफ पड़ा जाता हो
- [ ] **रजिस्टर और माइक्रोचिप** सुनिश्चित करें कि आपका पशु पंजीकृत है और उसके माइक्रोचिप विवरण वर्तमान हैं
- [ ] **फोटोग्राफ** अपने पशु की वर्तमान फोटोग्राफ एक जलरोधक डिब्बे में रखें, इसमें अलग विशिष्ट विशेषताएं जिनमें नाम, लिंग, आयु, रंग और नस्ल शामिल हैं। साथ ही अपनी और अपने पशु की फोटोग्राफ एक साथ रखें क्योंकि इससे यह साबित करने में मदद मिलती है कि आप उसके मालिक/मालकिन हैं।
- [ ] **बैक अप** माइक्रोचिप विवरण, चिकित्सीय और पशु-चिकित्सीय विवरण, मुख्य संपर्क विवरण और सभी फोटोग्राफ इलेक्ट्रॉनिक तरीके से सेव करें

बुशफायर के लिए हमेशा तैयार रहें
तैयारी करें। कदम उठाएँ। जान-माल बचाएँ।

NSW RURAL FIRE SERVICE

FIRE + RESCUE

NSW GOVERNMENT

[✓] सामग्री

[ ] **मज़बूतलीड़ हार्नेस या मजल** साथ ही कोई अन्य सामग्री जो आपके पशु को नियंत्रित करने में मदद करेगी

हो सकता है कि निकासी केन्द्र स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विनियमों के कारण तथा अन्य लोगों को ध्यान में रखते हुए अपने परिसर के अंदर पालतू पशुओं और बड़े जानवरों को स्वीकार न करें। गाइड और डिसेबिल्टी स्पोर्ट वाले कुत्ते स्वीकार किए जाते हैं।

अपने पशुओं को किसी सुरक्षित स्थान पर अपने उपयुक्त मित्र या परिजन के घर ले जाएँ।

[ ] **पिंजरे या कैरियर**: यह आपके पशु को सुरक्षित रूप से ले जाने और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि वे बच के निकल न सकें। सुनिश्चित करें कि यह इतना लंबा है कि वे आराम से खड़े हो सकते हैं, मुड़ सकते हैं और लेट सकते हैं।

यदि आपको जगह खाली करके जाने के लिए कहा जाता है तो

अपनी योजना में पशुओं को शामिल करें और उनकी सुरक्षा करने तथा उन्हें उचित परिसरों पर स्थानांतरित करने के लिए शुरू में ही कदम उठाएँ।

NSW RSPCA
फोन: 1300 278 358
वेबसाइट: www.rspcansw.org.au

NSW का प्राथमिक उद्योगों का विभाग (NSW Department of Primary Industries)
वेबसाइट: www.dpi.nsw.gov.au/emergency

इस मौसम में बुशफायर के लिए तैयारी करने हेतु आप क्या कर सकते/सकती हैं, इस बारे में और अधिक जानकारी के लिए:

NSW Rural Fire Service की वेबसाइट
www.rfs.nsw.gov.au
www.myfireplan.com.au

बुशफायर सूचना सेवा
1800 NSW RFS (1800 679 737)

आपका सबसे करीबी NSW RFS फायर कंट्रोल सेंटर: